
''जो हठि राखे धर्म को तिहि राखे करतार''

स्थापित १९३२ ई.

शताब्दी वर्ष की ओर .....

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्

गोरखपुर



विवरणिका एवं नियमावली

संस्थापक-सप्ताह समारोह-2026

4 से 10 दिसम्बर

ई-मेल : mpspgkp@gmail.com • वेबसाइट : www.mpspgkp.in

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर


कुल गीत

यह महाराणा प्रतापाख्यावती शिक्षा-परिषद् ज्ञान की मन्दाकिनी।।
नाथ-मन्दिर की अखण्ड-ज्योति से
प्रज्वलित यह भारती की आरती।
यह भगीरथ से व्रती व्यक्तित्व की
दिग्विजय की यशो-गाथा पावनी
यह महाराणा प्रतापाख्यावती शिक्षा-परिषद् ज्ञान की मन्दाकिनी।।
सिद्ध गुरु गोरक्ष की विज्ञान-भू में
बुद्ध-वीर-कबीर की निर्वाण भू में
ज्ञान की धात्री चरित्र-विधान की
राप्ती तट पर प्रकट विद्या-वनी
यह महाराणा प्रतापाख्यावती शिक्षा-परिषद् ज्ञान की मन्दाकिनी।।
हों प्रताप समान फिर युवजन कृती
देशभक्त, स्वधर्म-निष्ठ, कुलव्रती।
इसलिए सारस्वतानुष्ठान यह
शैक्षणिक जागर्ति की कादम्बिनी।।
यह महाराणा प्रतापाख्यावती शिक्षा-परिषद् ज्ञान की मन्दाकिनी।।



शिवावतार महायोगी श्री गुरु गोरखनाथ जी



राष्ट्रनायक हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप




सिद्ध योगीराज बाबा गम्भीरनाथ जी



युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज

संस्थापक, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर



राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज

पूर्व अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर



गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज

अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अपनी शिक्षण संस्थाओं से

राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति से होती है। संस्कृति राष्ट्रीय समाज के श्रेष्ठतम् जीवन मूल्यों से निर्मित होती है। जीवन मूल्य परम्परा और प्रगति के अनवरत समन्वय से विकसित होता है। राष्ट्रीय समाज के महापुरुषों की शृंखला, उनके द्वारा प्रतिष्ठित आदर्श, समय-समय पर रूढ़िगत हो रही व्यवस्थाओं का शुद्धिकरण परम्परा और प्रगति का समन्वय तथा उनकी दिशा निर्धारित करते हैं। इस प्रकार संस्कृति निरन्तर विकसित होती हुई एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में प्रवाहमान होती है। पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक प्रवाह का सर्वाधिक सुलभ माध्यम शिक्षा है। 'शिक्षा' ज्ञान-विज्ञान का मात्र साधन नहीं अपितु वह मानव को उसकी संस्कृति में संस्कारित करने का एक सशक्त माध्यम है। पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित शिक्षा, समाज और राष्ट्र की समग्र प्रगति में कभी सहायक नहीं हो सकती। वास्तविक शिक्षा वह है जो अतीत से सीखकर वर्तमान के धरातल पर श्रेष्ठतम् भविष्य का निर्माण करने वाली पीढ़ी तैयार करे ।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना 'शिक्षा' की इसी उपर्युक्त अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने की। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का लक्ष्य साफ है- अपनी शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं से जगद्गुरु भारत के लिए समर्पित युवा गढ़ना। कार्यपद्धति तय है- श्रद्धा, समर्पण, त्यागपूर्ण-पारदर्शी जीवन पद्धति के साथ उद्देश्य प्राप्ति हेतु सतत् प्रयास। मार्ग निर्धारित है- धर्म, अध्यात्म एवं लोक कल्याण का पथ। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाएँ अपने साधना-पथ पर अनवरत अग्रसर रहकर अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ विविध अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास सुनिश्चित करें, यही हमारा धर्म है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक एवं उसको पुष्पित पल्लवित करने वाले अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं उनकी स्मृतियाँ ही हमें अपने लक्ष्य के प्रति सदैव सचेष्ट करती रहेंगी। इस दृष्टि से ही महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का संस्थापक-सप्ताह समारोह आयोजित किया जाता है। यह आयोजन भी संस्था एवं विद्यार्थी के विकास को वैचारिक आयाम तो दे ही, समाज में भी जागरण का शंखनाद करता रहे, यही आयोजन की वास्तविक सफलता है। विद्यार्थियों में भारतीय धर्म-संस्कृति के प्रति अनुराग, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक सहभाग का भाव पैदा करना तथा उनमें सकारात्मक प्रतिस्पर्धापरक प्रवृत्ति विकसित करने में संस्थापक-सप्ताह समारोह सफल हो, अपने संस्थापक के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

संस्थापक-सप्ताह समारोह के माध्यम से हम अपनी-अपनी संस्था के अनवरत विकास का मूल्यांकन करें, अपने उद्देश्य पथ पर निरन्तर प्रगतिमान होने की प्रेरणा ग्रहण करें तथा अपनी संस्थाओं के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय जीवन-दृष्टि विकसित करने का मंत्र फूँकें। समाज को आश्वस्त करें कि वर्तमान युग में भी योग्य नागरिक तैयार करने की पाठशालाएँ चलायी जा रही हैं। 4 दिसम्बर को महानगर के प्रमुख मार्गों पर निकलने वाली शोभा-यात्रा को अनुशासन-पर्व बनाएँ। 10 दिसम्बर के मुख्य महोत्सव को 'प्रतिभाओं' के सम्मान में गरिमापूर्ण उत्सव का रूप दें। हम संस्थापक-सप्ताह समारोह में एक दूसरे से सीखें और एक दूसरे को सीखाएँ तथा ध्येय पथ पर दृढ़तापूर्वक बढ़ते रहने का संकल्प लें।

योगी आदित्यनाथ

अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

"भारत वही भूमि है जहाँ से दर्शन और आत्मज्ञान की ऊँची लहरों ने बार-बार उठकर समस्त विश्व को ओतप्रोत कर दिया था और यह वही भूमि है जहाँ से पुनः एक बार उस ज्वार-भाटे के उठने की आवश्यकता है, जो पतनोन्मुख मानवता को नवजीवन और शक्ति दे सके।"

- महन्त दिग्विजयनाथ

"अनुशासित विधि से बालकों की सुप्त प्रतिभा को विकसित करके समाज का उत्तरदायी घटक तथा राष्ट्र का प्रखर चरित्र-संपन्न नागरिक बनाना हमारी शिक्षा पद्धति तथा समस्त विद्यालयों का प्रमुख उद्देश्य है। जब भारतीय संस्कृति की शक्ति-संपन्न नींव पर भारतीय शिक्षा प्रणाली की दीवार खड़ी होगी तभी हम एक सभ्य, सुसंस्कृत, शिष्ट, सौम्य एवं परिष्कृत नागरिक का निर्माण कर सकेंगे, जो राष्ट्र के सर्वतोमुखी विकास में सहायक होगा।"

- महन्त अवेद्यनाथ

समर्पण

गोरक्षपीठ द्वारा संचालित
महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
शिक्षा-क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है।
पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर को केन्द्र बनाकर
प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक
बावन शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों
एवं सेवा केन्द्रों का संचालन करने वाली
"महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्"
की स्थापना सन् 1932 में
गोरक्षपीठाधीश्वर
महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा की गई तथा
उनके शिष्य गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने
इसे पुष्पित पल्लवित किया।
अपने संस्थापकों
युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज
एवं
राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज
को समर्पित है
संस्थापक-सप्ताह समारोह 2026

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्	3
2.	महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की संस्थाएँ	5
3.	संस्थापक सप्ताह समारोह समिति	7
4.	सामान्य नियम एवं सूचनाएँ	9
5.	प्रतियोगिताएँ	11
6.	महत्त्वपूर्ण पुरस्कार एवं छात्रवृत्तियाँ	27
6.1	स्वर्ण पदक	28
6.2	महत्त्वपूर्ण स्मृति पुरस्कार	29
6.3	पुरस्कार एवं प्रमुख छात्रवृत्तियाँ	30
6.4	योग्यता छात्रवृत्ति	31
7.	पदक तालिका 2025	33
8.	संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य अतिथि – 1981 से 2025	37
9.	संस्थापक सप्ताह समारोह 2025 की झलकियाँ	40

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्

भारत के स्वाधीनता संग्राम में बालगंगाधर तिलक का युग समाप्त होते-होते कांग्रेस के नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा होने लगा था। सन् 1920 के बाद क्रान्तिकारी आन्दोलन ने अलग राह पकड़ी और सन् 1930-31 तक आते-आते कांग्रेस के स्पष्ट सहयोग के अभाव में क्रान्तिकारियों का दमन करने में ब्रिटिश हुकूमत सफल रही। सन् 1915-16 के बाद के इसी काल खण्ड में स्वाधीनता संग्राम की अगुवा कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की भी शिकार हुई। इस युग तक अंग्रेजों द्वारा भारत में अंग्रेजियत में रमे बाबुओं की फौज खड़ी करने की शिक्षा नीति का प्रभाव भी दिखने लगा था। देश के समक्ष एक चुनौती थी, कि भारत की नयी पीढ़ी भारतीयता के साँचे में कैसे ढले? स्व-संस्कृति और स्वदेशी दृष्टि से अनुप्राणित शिक्षा प्रणाली और शिक्षा नीति ही इस चुनौती का एक मात्र समाधान था। इस चुनौती को भारतीय मनीषियों ने स्वीकार किया।

4 फरवरी सन् 1916 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय महामना मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयास से लोकार्पित हो गया। यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार का एक मानक बना और इसी धारा को गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने आगे बढ़ाते हुए सन् 1932 में गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की नींव रखी। ब्रिटिश हुकूमत को शिक्षा के क्षेत्र में भी भारतीय मनीषियों द्वारा यह कड़ी चुनौती थी कि भारत अपने पैरों पर खड़ा होने में समर्थ है, वह अपना तंत्र, अपनी शिक्षा, अपनी संस्कृति और अपने जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना अपनी योजनानुसार करेगा। यह दूर-दृष्टि थी कि देश जब आजाद होगा, तब तक देश की व्यवस्था चलाने हेतु भारतीय पद्धति के शिक्षा संस्थानों से निकले युवाओं की फौज तैयार मिलेगी।

देश पराधीन था, जनता विपन्न थी, ज्ञान-कौशल के अभाव में स्वाभिमान और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की चेतना का जागरण दुष्कर था। महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज अपनी संकल्प शक्ति के बल पर आजादी की लड़ाई के एक प्रमुख शस्त्र के रूप में 'शैक्षिक क्रान्ति' के पथ पर भी आगे बढ़े। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत सन् 1932 में बक्शीपुर में किराये के एक मकान में महाराणा प्रताप स्कूल प्रारम्भ हुआ। सन् 1935 में इसे जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिल गयी और सन् 1935 में यहाँ हाईस्कूल की पढ़ाई प्रारम्भ की गयी तथा इसका नाम 'महाराणा प्रताप हाई स्कूल' हो गया। इसी बीच महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के अथक प्रयास से गोरखपुर के सिविल लाइन्स में पाँच एकड़ भूमि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् को प्राप्त हो गयी और महाराणा प्रताप हाईस्कूल का केन्द्र सिविल लाइन्स हो गया तथा देश के आजाद होते ही यह विद्यालय महाराणा प्रताप इण्टरमीडिएट कॉलेज के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

सन् 1949-50 में इसी परिसर में महाराणा प्रताप महाविद्यालय एवं महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय की स्थापना महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का अगला पड़ाव था। सन् 1958 अगस्त में गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त जी ने इन दोनों महाविद्यालयों को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित किया और विश्वविद्यालय की स्थापना के आधार स्तम्भ बने। गोरखपुर विश्वविद्यालय का एम.बी.

ए., शिक्षाशास्त्र, प्रौढ़ शिक्षा संकाय तथा महारानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा प्रदान किये गये परिसर में ही स्थित है। तत्पश्चात् महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् ने महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के नाम से वर्तमान दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना की; सम्प्रति यह विश्वविद्यालय परिसर से सटे महानगर का एक अति प्रतिष्ठित महाविद्यालय है। दो अन्य प्रमुख महाविद्यालय महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ एवं महाराणा प्रताप महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामदत्तपुर, महानगर, गोरखपुर में संचालित है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा वर्तमान में साठ से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाएँ एवं सेवा केन्द्र गोरखपुर परिक्षेत्र में संचालित हो रही हैं। इनमें गोरखपुर महानगर में उपर्युक्त संस्थाओं के अलावा महाराणा प्रताप पालीटेक्निक, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुरु श्री गोरक्षनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स, दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, महाराणा प्रताप टेलरिंग कॉलेज सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कॉलेज रामदत्तपुर, महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कॉलेज जंगल धूसड़, दिग्विजयनाथ इण्टर कॉलेज चौक माफी और महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मंगला देवी मन्दिर बेतियाहाता, गोरखपुर प्रमुख संस्थाएं हैं। महराजगंज जनपद में दिग्विजयनाथ इण्टर कॉलेज चौक बाजार, दिग्विजयनाथ बालिका विद्यालय चौक बाजार, दिग्विजयनाथ शिशु शिक्षा विहार चौक बाजार, गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ महाविद्यालय, चौक बाजार प्रमुख प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाएँ हैं (संस्थाओं की सूची इस पुस्तिका के पृष्ठ सं. 5 पर प्रकाशित है)। ये सभी शिक्षण संस्थाएँ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के उद्देश्यों के अनुरूप भारतीय संस्कृति से युक्त शिक्षा का प्रसार-प्रचार करने में लगी हुई हैं। वर्तमान समय में प्रति वर्ष किसी न किसी संस्था की नींव पड़ रही है अथवा नित नूतन पाठ्यक्रम बढ़ रहे हैं। चौक माफी में लगभग पचास एकड़ भूमि में महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र के संचालन से पूर्वांचल के किसानों में आशा की नई किरण जागृत हुई है। शिक्षा-स्वास्थ्य के माध्यम से सेवा एवं साधना में संलग्न महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के निरन्तर बढ़ते कदम का वर्तमान युग साक्षी है। चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय एवं महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय की प्रतिष्ठा सर्वविदित है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् ने गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना में अपनी महत्तम भूमिका का निर्वहन करते हुए इस परिक्षेत्र में विश्वविद्यालय शिक्षा का जो श्रीगणेश किया था, उसमें श्रीवृद्धि करते हुए एक नये विश्वविद्यालय के रूप में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर की स्थापना करके राष्ट्रवादी शिक्षा के इस अभियान को नई ऊँचाई प्रदान किया है। महायोगी गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत आयुर्वेद कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, लाइफसाइन्सेज, पैरामेडिकल कॉलेज का संचालन युवाओं को युगानुकूल सस्ती शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। तकनीकी शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए महाराणा प्रताप पॉलीटेक्निक परिसर में ही महाराणा प्रताप इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की शुरुआत की जा चुकी है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के माध्यम से लोक-कल्याण एवं मानव-सेवा का अभियान अनवरत जारी है।



श्रीगोरक्षपीठ, गोरखनाथ मन्दिर के सानिध्य में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित संस्थाएं

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर

- गुरु गोरखनाथ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज)
- फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल
- गुरु श्रीगोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
- महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय
- महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय
- फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर
- फैकल्टी ऑफ फार्मेसी
- फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट
- फैकल्टी ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी
- फैकल्टी ऑफ हैल्थ एण्ड लाइफ साइन्सेज
- फैकल्टी ऑफ एलाइड एण्ड हैल्थ केयर

उच्चशिक्षा की संस्थाएँ

- **दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय,** जंगल धूसड़, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,** रामदत्तपुर, गोरखपुर
- **गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ महाविद्यालय,** चौक बाजार, महराजगंज

रोजगार परक शिक्षा की संस्थाएँ

- **महाराणा प्रताप पालिटेक्निक,** गोरखनाथ, गोरखपुर
- **दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,** गोरखनाथ, गोरखपुर
- **सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस,** गोरखनाथ, गोरखपुर
- **महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र,** चौक माफी, पीपीगंज, गोरखपुर

संस्कृत शिक्षा की संस्थाएँ

- **श्रीगोरक्षनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,** गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
- **श्रीगोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय,** गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
- **गुरु गोरक्षनाथ संस्कृत उ.मा. विद्यालय,** मैदागिन, वाराणसी

माध्यमिक विद्यालय

- **महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कॉलेज,** रामदत्तपुर, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल,** मंगला देवी मन्दिर, बेतियाहाता, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कॉलेज,** जंगल धूसड़, गोरखपुर

- **दिग्विजयनाथ इण्टर कॉलेज,** चौक माफी, पीपीगंज, गोरखपुर
- **गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ,** भरोहिया, पीपीगंज, गोरखपुर
- **दिग्विजयनाथ इण्टर कॉलेज,** चौक बाजार, महराजगंज
- **दिग्विजयनाथ बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज,** चौक बाजार, महराजगंज
- **आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल,** भवनियापुर, तुलसीपुर, बलरामपुर
- **दुलहिन जगन्नाथ कुँवरि इण्टरमीडिएट कॉलेज,** टेकुआटार, कुशीनगर

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय

- **महाराणा प्रताप चिल्ड्रेन एकेडमी,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **दिग्विजयनाथ बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय,** चौक बाजार, महराजगंज
- **आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी विद्यापीठ,** नन्दमहरा, तुलसीपुर, बलरामपुर
- **महाराणा प्रताप शिशु शिक्षा विहार,** जंगल धूसड़, गोरखपुर
- **दिग्विजयनाथ शिशु शिक्षा विहार,** चौक बाजार, महराजगंज
- **हिन्दू विद्यापीठ,** जंगल तिकोनिया, गोरखपुर
- **दिग्विजयनाथ पब्लिक स्कूल,** चौक माफी, पीपीगंज, गोरखपुर
- **महायोगी गोरखनाथ पब्लिक स्कूल,** टेकुआटार, कुशीनगर

चिकित्सा संस्थान

- **गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय,** श्री गोरखनाथ मॉदिर परिसर, गोरखपुर
- **महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय,** श्री गोरखनाथ मॉदिर परिसर, गोरखपुर
- **माँ पाटेश्वरी सेवाश्रम चिकित्सालय,** देवीपाटन मन्दिर, तुलसीपुर, बलरामपुर
- **महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय,** आरोग्यधाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर
- **महन्त दिग्विजयनाथ चिकित्सालय,** आरोग्यधाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर

निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र

- **ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र,** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
- **ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र,** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
- **ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र,** जंगल धूसड़, गोरखपुर
- **ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र,** रामदत्तपुर, गोरखपुर
- **ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र,** भरोहिया, पीपीगंज, गोरखपुर
- **ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र,** चौक बाजार, महराजगंज

योग-व्यायाम केन्द्र

- **महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ योग संस्थान,** गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
- **गुरु श्री गोरखनाथ आधुनिक व्यायामशाला,** गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर

छात्रावास

- **प्रताप आश्रम,** गोलघर, गोरखपुर
- **श्रीगोरक्षनाथ संस्कृत छात्रावास,** श्री गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप मीराबाई महिला छात्रावास,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी वनवासी थारू छात्रावास,** तुलसीपुर, बलरामपुर
- **दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज महिला छात्रावास,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम (छात्रावास),** जंगल धूसड़, गोरखपुर
- **आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी महिला छात्रावास,** आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर
- **महन्त गोपालनाथ सेवाश्रम (छात्रावास),** आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप पालीटेक्निक छात्रावास,** गोरखनाथ, गोरखपुर

अन्य सेवा केन्द्र

- **महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ गौ सेवा केन्द्र,** गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
- **गुरु श्रीगोरखनाथ सेवा संस्थान,** गोरखनाथ, गोरखपुर
- **महाराणा प्रताप टेलरिंग कॉलेज,** सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- **योगिराज बाबा गम्भीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र,** जंगल धूसड़, गोरखपुर
- **महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र,** जंगल धूसड़, गोरखपुर
- **माँ कौशल्या स्वावलम्बन केन्द्र,** दिग्विजयनाथ बालिका इण्टर कॉलेज, चौक बाजार, महराजगंज
- **बाबा गम्भीरनाथ कौशल विकास केन्द्र,** चौक बाजार, महराजगंज

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक-सप्ताह समारोह समिति

मुख्य संरक्षक/अध्यक्ष: परम पूज्य श्रद्धेय गोरक्षपीठाधीश्वर **महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

संरक्षक मण्डल -

1. योगी कमलनाथ जी, प्रधान पुजारी, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
2. महन्त योगी मिथलेशनाथ जी, देवीपाटन मन्दिर, तुलसीपुर, बलरामपुर
3. श्री राजेश मोहन सरकार, उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर
4. चौधरी प्रमोद कुमार, सदस्य, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर
5. श्री गोरक्षप्रताप सिंह, सदस्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर
6. श्री धर्मेन्द्र सिंह, सदस्य, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर
7. श्री प्रमथ नाथ मिश्र, सदस्य, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर
8. श्री राम जन्म सिंह, सदस्य, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर
9. डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर

संयोजक मण्डल -

1. ले.ज. डॉ. भूपेश गोयल (AVSM), कुलपति, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर
2. प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह, प्राचार्य, दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, सिविल लाइन्स, गोरखपुर
3. डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स, गोरखपुर
4. डॉ. अरविन्द कुमार चतुर्वेदी, प्राचार्य, गुरु श्रीगोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर
5. डॉ. अनिल प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य, महाराणा प्रताप पालीटेक्निक, गोरखनाथ, गोरखपुर
6. डॉ. अजय कुमार पाण्डेय, प्राचार्य, दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, सिविल लाइन्स, गोरखपुर
7. श्रीमती खुशबू श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या, महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स, गोरखपुर

संचालन समिति -

1. डॉ. सुभाष चन्द्र, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
2. डॉ. नितीश शुक्ला, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
3. श्री आलोक कुमार यादव, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
4. श्री नितेश कुमार पाण्डेय, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
5. श्री विनोद कुमार मिश्र, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर

सम्पर्क सूत्र: 9140775309; वाट्सएप नं.: 9451851216, 9807715902

अनुशासन समिति (4 दिसम्बर व 10 दिसम्बर)

1. डॉ. संजीव कुमार सिंह, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
2. डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
3. डॉ. मनीष श्रीवास्तव, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
4. डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर

5. डॉ. चण्डी प्रसाद पाण्डेय, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
6. श्री दुर्गेश कुमार शुक्ला, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
7. श्री अच्छे लाल, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
8. श्री हरिश्चन्द्र यादव, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
9. श्री रघुपति प्रसाद गुप्त, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर
10. श्री अनिल कुमार, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर

कार्यालय

1. श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, केन्द्रीय कार्यालय, म.प्र. शिक्षा परिषद, प्रताप आश्रम, गोलघर, गोरखपुर
2. श्री अश्वनी श्रीवास्तव, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
3. श्री लक्ष्मण थापा, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
4. श्री नवीन सिंह, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर
5. श्री अनुराग श्रीवास्तव, दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, गोरखपुर
6. श्री सुभाष कुमार, प्रताप आश्रम, गोलघर, गोरखपुर

कार्यालय - प्रताप आश्रम, गोलघर, गोरखपुर (20 नवम्बर से 10 दिसम्बर, प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक)
प्रतियोगिता से सम्बन्धित जानकारी एवं परिणाम **www.mpspgkp.in** पर देखा जा सकता है।
ई-मेल : mpspgkp@gmail.com

"संस्कृत भाषा समस्त ज्ञान तथा विज्ञान का वृहद् भंडार है। इस देश के वासी तब तक प्रथम श्रेणी के वैज्ञानिक नहीं बन सकते जब तक कि वे संस्कृत में उपलब्ध प्राचीन भारतीय विज्ञानों का उचित अध्ययन नहीं कर लेते, चाहे वह गणित हो या फलित ज्योतिष, चाहे आयुर्वेद हो या शल्य चिकित्सा, चाहे दर्शनशास्त्र हो या तर्कशास्त्र हो या कोई अन्य विज्ञान हो।"

- महन्त दिग्विजयनाथ

सामान्य नियम एवं सूचनाएँ

1. संस्थापक-सप्ताह समारोह के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों के नियमित विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं।
2. किसी भी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय द्वारा निर्गत परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा।
3. **योग्यता/क्रीड़ा/एन.सी.सी. क्रीड़ा छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार** प्राप्त करने हेतु प्रतिभागियों की सूची साफ्ट कॉपी में शिक्षा परिषद के **ई-मेल : mpspgkp@gmail.com** पर **Excel Format** में **20 से 24 नवम्बर सायं 5 बजे तक** एवं संलग्नकों सहित प्रपत्रों की हार्ड कॉपी संस्थापक सप्ताह समारोह के कार्यालय प्रताप आश्रम, गोलघर, गोरखपुर में **25 नवम्बर सायं 5 बजे तक** उपलब्ध कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। **अन्तिम तिथि के बाद भेजे गये प्रतिभागियों के नाम पर विचार सम्भव नहीं होगा।**
4. प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के नामों की सूची **20 नवम्बर से 30 नवम्बर सायं 5 बजे तक** निर्धारित प्रपत्र पर संस्थाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित प्रति महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के **ई-मेल : mpspgkp@gmail.com** पर ही स्वीकार की जाएगी। **अन्तिम तिथि के बाद भेजे गये प्रतिभागियों के नाम पर विचार सम्भव नहीं होगा।**
5. मेल द्वारा भेजे गए अपने प्रतिभागिता-प्रपत्र को संस्था अंतिम तिथि के पहले महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद कार्यालय से अवश्य सुनिश्चित कर लें।
6. **सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु निर्धारित प्रपत्र शिक्षा परिषद के वेबसाइट : www.mpspgkp.in पर उपलब्ध है।**
7. **प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी/प्रतिभागियों की सूचना निर्धारित प्रपत्र पर नियमानुसार संख्या में अलग-अलग दी जानी चाहिए। विवरणिका में उल्लिखित संख्या से अधिक संख्या में प्रतिभागी का नाम प्राप्त होने की दशा में नीचे के अतिरिक्त नाम स्वतः निरस्त माने जायेंगे।**
8. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी/प्रतिभागियों को अपना परिचय-पत्र, जिस पर प्रतिभागी/ प्रतिभागियों के विद्यालय के प्राचार्य/नियंता द्वारा प्रमाणित फोटो लगा हो, मांगने पर प्रतियोगिता संयोजक के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें प्रतियोगिता से वंचित किया जा सकता है।
9. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागी/प्रतिभागियों को प्रतियोगिता आरम्भ होने के समय से आधा घण्टा पूर्व सम्बन्धित प्रतियोगिता संयोजक से प्रतियोगिता स्थल पर सम्पर्क कर अपनी उपस्थिति अंकित कराना आवश्यक होगा।

10. प्रतियोगिता के निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। सामान्यत: निर्णायक महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक नहीं होंगे।
11. किसी प्रतिभागी/प्रतिभागियों या टोली द्वारा किसी प्रतिभागी/प्रतिभागियों अथवा टोली के विरूद्ध आपत्ति 'संचालन समिति' के माध्यम से मुख्य संरक्षक, संस्थापक सप्ताह समारोह के सम्मुख प्रस्तुत किया जा सकता है। मुख्य संरक्षक द्वारा इस पर दिया गया निर्णय अन्तिम होगा।
12. यदि किसी प्रतियोगिता में पाँच से कम विद्यालयों की टोलियों अथवा छात्र/छात्राओं के भाग लेने की स्वीकृति प्राप्त होती है तो वह प्रतियोगिता निरस्त की जा सकती है।
13. कार्यक्रम की तिथि, समय या नियमों में परिवर्तन का अधिकार संस्थापक-सप्ताह समारोह समिति के पास सुरक्षित है।
14. कार्यक्रम सम्बन्धित अन्य किसी प्रकार की जानकारी वेबसाइट **www.mpspgkp.in,** कार्यक्रम संयोजक अथवा कार्यालय संचालन समिति, संस्थापक-सप्ताह समारोह, प्रताप आश्रम, गोलघर, गोरखपुर से प्राप्त की जा सकती है।
15. विविध प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी/प्रतिभागियों की सूची 9 दिसम्बर तक क्रमश: वेबसाइट **www.mpspgkp.in** पर प्रदर्शित कर दी जायेगी। प्रतियोगिता परिणाम यथासम्भव समाचार-पत्रों में भी प्रकाशित होंगे।
16. **प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी/प्रतिभागियों को 10 दिसम्बर को प्रात: 8.30 बजे प्रेक्षागृह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परिसर, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर में आयोजित मुख्य महोत्सव में पारितोषिक वितरण के समय मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थी पुरस्कार/छात्रवृत्ति से वंचित हो जायेंगे। विलम्ब से आने वाले विद्यार्थी भी स्थान न पाने पर पुरस्कार से वंचित होंगे। अत: निर्धारित समय से पूर्व छात्र/छात्राएँ अपना स्थान ग्रहण कर लें।**

''हिंदुत्व की थाती राष्ट्रीय एकता की सर्वाधिक सुगठित शक्ति रही है, जिसने विभिन्न जातियों, विरोधी जलवायु, अनेक भाषाओं और धार्मिक विश्वासों की विभिन्नताओं के बीच इस देश को एक राष्ट्र बनाया है।''

- महंत दिग्विजयनाथ

प्रतियोगिताएँ

महन्त दिग्विजयनाथ राज्य स्तरीय प्राइजमनी बॉस्केटबाल प्रतियोगिता एवं महन्त अवेद्यनाथ राज्य स्तरीय प्राइजमनी वॉलीबाल प्रतियोगिता

आयोजन स्थल - महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स, गोलघर, गोरखपुर
दिनांक - 6 दिसम्बर 2026 से 8 दिसम्बर 2026 तक

संयोजक - श्री कृष्णकांत यादव, भू.पू. क्रीड़ाध्यक्ष, **श्री अभय प्रताप सिंह,** क्रीड़ाध्यक्ष, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, **डॉ. नितीश शुक्ला,** दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर, **श्री विवेक श्रीवास्तव,** उप क्रीड़ा अधिकारी, क्षेत्रीय क्रीड़ांगन, गोरखपुर **श्री बृजेश कुमार यादव,** वॉलीबाल कोच, क्षेत्रीय क्रीड़ांगन, गोरखपुर।

प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें :

1. प्रतियोगिता लीग-कम-नाक आउट पद्धति से सम्पन्न होगी।
2. प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की संख्या 12, कोच/टीम प्रभारी 01, कुल 13 से अधिक नहीं होगी।
3. खिलाड़ियों, कोच एवं प्रभारी की संकलित सूची संलग्न प्रोफार्मा पर पूरित कर दो प्रतियों में जिला सचिव बास्केटबाल/वालीबाल से प्रमाणित प्रति ही स्वीकार्य होगी।
4. सभी खिलाड़ी, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/माध्यमिक विद्यालय एवं अन्य संस्थाओं के अध्ययनरत् छात्र होने चाहिए। खिलाड़ी अध्ययनरत संस्था से सम्बन्धित आई-कार्ड तथा अपना आधार कार्ड एंट्री फार्म के साथ जरूर भेजें तथा खेल के दौरान अपने साथ जरूर लाएं।
5. खिलाड़ियों की उम्र बास्केटबाल 25 वर्ष एवं वालीबाल 25 वर्ष से अधिक नहीं होगी। उम्र की गणना 31.12.2026 से की जायेगी।
6. सभी टीमें दिनांक 30 नवम्बर 2026 सायंकाल तक अपने आगमन की सूचना **ई-मेल : mpspgkp@gmail.com** द्वारा कन्ट्रोल रूम (प्रताप आश्रम) गोलघर, गोरखपुर को संकलित सूची प्राप्त करा कर देंगी।
7. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 10 दिसम्बर 2026 को **माननीय मुख्यमंत्री, उ.प्र.** की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।
8. प्रतियोगिता अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के अन्तर्गत सम्पन्न करायी जायेगी।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में मैच समाप्ति के 30 मिनट के अन्दर साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा जिस पर संचालन समिति निर्णय लेगी जो सर्वमान्य होगा।
10. प्रतियोगिता उ.प्र. बास्केटबाल/वालीबाल संघ के अधिकृत निर्णायकों के द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी।

राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

नियमावली

(संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषण)

1. यह भाषण प्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग (स्नातक से स्नातकोत्तर) में होगी।
2. प्रतियोगिता में एक विश्वविद्यालय से प्रत्येक भाषा में अधिकतम तीन प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।
3. प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए कुल सात मिनट का समय दिया जायेगा पाँच मिनट की समाप्ति पर उसे सूचित किया जायेगा कि दो मिनट शेष हैं। इसके अतिरिक्त समय लेने पर प्राप्त अंकों में कटौती की जायेगी।
4. प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के यात्रा भत्ता सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाये। इस बात का अनुरोध आमन्त्रण-पत्र में विश्वविद्यालय से किया जायेगा।
5. प्रतियोगिता के दौरान ठहरने, जलपान, भोजन व गोरखपुर में ठहरने के स्थल से प्रतियोगिता स्थल तक पहुँचने हेतु यातायात व्यवस्था आयोजन मण्डल द्वारा प्रदान की जायेगी।
5. प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पारितोषिक स्वरूप गौरव पत्र, स्मृतिचिह्न एवं नकद धनराशि प्रदान की जायेगी। **पुरस्कार राशि निम्नवत है-**

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

प्रथम	द्वितीय	तृतीय
15000 ₹	12000 ₹	9000 ₹

संयोजक मंडल- प्रो. सुनील कुमार सिंह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर, **प्रो. ओमप्रकाश सिंह,** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर, **डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी,** गुरु श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर, **डॉ. सुधीर अग्रवाल,** महाराणा प्रताप इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोरखनाथ, गोरखपुर।

संस्कृत भाषण प्रतियोगिता

तिथि - 7 दिसम्बर, दिन - सोमवार, समय - प्रातः 10:00 बजे

स्थान- दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर

विषय- कृत्रिमबुद्धिमत्ता (AI) : अवसराः प्रतिरोधाश्च

हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

तिथि - 8 दिसम्बर, दिन - मंगलवार, समय - प्रातः 10:00 बजे

स्थान - महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर

विषय- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) : अवसर एवं चुनौतियाँ

अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता

तिथि - 9 दिसम्बर, दिन - बुधवार, समय - प्रातः 10:00 बजे

स्थान - महाराणा प्रताप इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोरखनाथ, गोरखपुर

विषय- Artificial Intelligence (AI) : Opportunities & Challenges

सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट चयन

आवेदन की अन्तिम तिथि - 20 नवम्बर, दिन - शुक्रवार

प्रतियोगिता तिथि - 22 नवम्बर, दिन - रविवार, समय - प्रातः 9:00 बजे

स्थान - महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर

संयोजक मंडल - लेफ्ट. संदीप श्रीवास्तव, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर, **फर्स्ट ऑफीसर भारत सिंह,** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, **सेकेण्ड ऑफीसर रेणुका राव, कैप्टन गुंजन मिश्रा,** महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज।

नियमावली -

1. इस प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक संस्था से प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 10 एन.सी.सी. कैडेट प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. प्रतिभागिता, संस्थाध्यक्ष एवं ए.एन.ओ./सी.टी.ओ. के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्धारित प्रपत्र पर निर्धारित तिथि तक शिक्षा परिषद के **ई-मेल : mpspgkp@gmail.com** पर स्वीकार्य होगी। पंजीकृत कैडेट ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
3. इसमें सर्वोत्तम सीनियर तथा सर्वोत्तम जूनियर कैडेट का चयन (बालक और बालिका वर्ग में) उनके प्रदर्शन (लिखित परीक्षा एवं ड्रिल टेस्ट) के आधार पर किया जायेगा।
4. इस प्रतियोगिता में पूछे जाने वाले प्रश्न तथा ड्रिल टेस्ट का प्रारूप, एन.सी.सी. विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या के अनुरूप आयोजित होने वाले 'ए', 'बी' तथा 'सी' प्रमाण-पत्रों की परीक्षा पद्धति के स्तर का होगा।
5. इस प्रतियोगिता में बालक/बालिकाओं को कुल छः वर्गों में विभाजित कर प्रत्येक वर्ग से सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट का चयन कर, उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।
6. लिखित परीक्षा तथा ड्रिल टेस्ट अलग-अलग 50-50 अंकों के होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। कैडेट का मूल्यांकन कुल 100 अंक में किया जायेगा। लिखित परीक्षा में कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें एन.सी.सी. एवं सैन्य विज्ञान से सम्बन्धित 26 प्रश्न तथा सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित 24 प्रश्न होंगे। लिखित परीक्षा का प्रश्न-पत्र निर्माण एवं मूल्यांकन संचालन समिति द्वारा कराया जाएगा।
7. लिखित परीक्षा में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र होंगे।
8. ड्रिल टेस्ट 50 अंक का होगा जो डी.एस.टी. अर्थात् टर्न आउट, आउट फिट, मार्च पास्ट, सैल्यूट, वर्ड ऑफ कमाण्ड के लिए अलग-अलग बँटा होगा।
9. बालक और बालिका वर्ग से सर्वोत्तम सीनियर तथा जूनियर कैडेट को पारितोषिक स्वरूप गौरव-पत्र और नकद धनराशि प्रदान की जायेगी।

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

क्र.सं.	वर्ग	धनराशि
1.	जूनियर डीविजन (बालक वर्ग)	₹ 900
2.	जूनियर विंग (बालिका वर्ग)	₹ 900
3.	सीनियर डीविजन बालक 'बी' प्रमाण पत्र	₹ 1000
4.	सीनियर विंग बालिका 'बी' प्रमाण पत्र	₹ 1000
5.	सीनियर डीविजन बालक 'सी' प्रमाण पत्र	₹ 1000
6.	सीनियर विंग बालिका 'सी' प्रमाण पत्र	₹ 1000

पी.टी. प्रतियोगिता

आवेदन की अन्तिम तिथि - 20 नवम्बर, दिन- शुक्रवार, समय - सायं 3:00 बजे

प्रतियोगिता तिथि - 22 नवम्बर, दिन-रविवार, समय - प्रातः 9:00 बजे

आयोजन स्थल - महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स, गोलघर, गोरखपुर

संयोजक मंडल - श्री अभय प्रताप सिंह, श्री हरिश्चन्द्र यादव, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स, **श्रीमती नन्दिनी जायसवाल,** महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कॉलेज, रामदत्तपुर, **श्रीमती ज्योति श्रीवास्तवा,** महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स, **श्रीमती मनोरमा दुबे,** महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, मंगला देवी मंदिर, बेतियाहाता।

1. प्रतियोगिता एक स्तर की होगी जिसमें कक्षा 8 तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगिता में एक विद्यालय से केवल एक टोली ही भाग ले सकेगी। टोली में कम से कम 32 और अधिक से अधिक 40 सदस्य हो सकते हैं।
3. इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत लेजिम, डम्बुल और पी.टी. तीनों ही प्रकार की कलाओं का प्रदर्शन 15 मिनट के अंदर करना होगा।
4. विजेता एवं उपविजेता का स्थान पाने वाली टोलियों को पारितोषिक स्वरूप गौरव पत्र एवं नगद धनराशि प्रदान की जाएगी। विजेता टोली को संस्थागत वैजयन्ती भी प्रदान की जायेगी। पुरस्कार राशि निम्नवत है :

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

स्तर	धनराशि
विजेता	₹ 1600
उपविजेता	₹ 1300

शोभा यात्रा एवं उद्घाटन समारोह


तिथि - 4 दिसम्बर, दिन - शुक्रवार, समय - प्रातः 9:00 बजे

स्थान - महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद परिसर, गोलघर, गोरखपुर

संयोजक मंडल - डॉ. संजय सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, **डॉ. सुनील केशरवानी, डॉ. शत्रुध्न सिंह,** दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, **डॉ. संजीत कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अंशुमान सिंह,** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय।

शोभा-यात्रा में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाएँ सम्मिलित होती हैं।

आग्रह :-



1. सभी संस्था निर्धारित समय 9.00 बजे तक अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें।
2. प्रत्येक संस्था के विद्यार्थी दो पंक्तियों में अपने निर्धारित स्थान पर खड़े होंगे।
3. प्रत्येक संस्था से शोभा यात्रा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की निर्धारित संख्या घोष छात्र को मिलाकर 75 होगी।
4. उद्घाटन समारोह स्थल (महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद परिसर) पर उद्बोधन के समय से लेकर शोभायात्रा निकलने तक आगे से पीछे तक अपनी संस्था के विद्यार्थियों में अनुशासन, सम्बन्धित संस्थाओं के प्रधानाचार्य/ प्राचार्य सुनिश्चित करें।
5. गत वर्ष की शोभा-यात्रा का श्रेष्ठतम पुरस्कार प्राप्त संस्था सबसे आगे चलेगी।
6. संस्थाएं निर्धारित बैनर, स्लोगनयुक्त पट्टियाँ/तख्ती लेकर आयें।
7. शोभायात्रा में सम्बन्धित संस्था के शिक्षक साथ-साथ चलें तथा शोभा-यात्रा के दौरान मार्ग में अनुशासन सुनिश्चित करें।
8. शोभायात्रा में छात्रावास अलग से चलेगा लेकिन अन्य प्रतियोगिता में छात्रावासी अपनी संस्था की तरफ से ही प्रतिभाग करेंगे।
9. शोभायात्रा में निर्धारित नारे ही लगायें।
10. शोभायात्रा में चलने वाले विद्यार्थियों-शिक्षकों का अपनी-अपनी संस्था में व्यवस्थित प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास (2-3 दिसम्बर तक) अवश्य करा लें।
11. एन.सी.सी. एवं घोष दल का मूल्यांकन अलग से होगा।
12. सलामी मंच के सम्मुख गुजरते समय मुख्य अतिथि को निर्धारित एवं व्यवस्थित ढंग से सलामी देते हुए ही विद्यार्थी आगे बढ़ें।

शोभा यात्रा एवं पथ संचलन का पुरस्कार -

श्रेष्ठ पथ संचलन के आधार पर दर्शन धींगरा स्मृति पुरस्कार दिया जायेगा (विस्तृत जानकारी पृ.सं. 30 पर देखें)।

"कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त और समर्थ हो सकता है, जब उस राष्ट्र की भावनाओं के अनुरूप शिक्षा और संस्कार वहां के बचपन और युवा पीढ़ी को प्राप्त हो रहे हों। यह कार्य यदि कोई कर सकता है, तो वह एक शिक्षक ही कर सकता है।

- परम पूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गोरखवाणी प्रतियोगिता

तिथि - 5 दिसम्बर, दिन - शनिवार, समय - पूर्वाह्न 9:00 बजे से
स्थान (वरिष्ठ) - महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज सभागार, गोरखपुर
(कनिष्ठ) - दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, गोरखपुर

संयोजक मंडल - वरिष्ठ वर्ग - श्री प्रेम कुमार, श्री हरिशंकर पाण्डेय, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, **श्रीमती रंजना सिंह,** महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, मंगला देवी मंदिर। **कनिष्ठ वर्ग - श्रीमती आरती सिंह,** महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **डॉ. विभा सिंह,** दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, **डॉ. अभिलाषा कौशिक,** दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन।

1. यह प्रतियोगिता दो स्तरों पर होगी। कनिष्ठ वर्ग कक्षा 10 तक। वरिष्ठ वर्ग इण्टरमीडिएट से स्नातकोत्तर तक।
2. एक विद्यालय से अधिकतम तीन प्रतिभागी ही सम्मिलित होंगे।
3. इस प्रतियोगिता में **सबदी (दोनों वर्ग के लिए) 7, 8, 16, 21, 24, 25, 29, 31, 32, 33, 35, 119, 134, 153, 170, 172 व 189** भावार्थ सहित पूर्ण रूप से कंठस्थ होना चाहिए। प्रतियोगिता में निर्धारित अंश सुनाने को कहा जा सकता है या जहाँ-तहाँ से क्रमशः या बिना क्रम के ही सबदी के भावार्थ पूछ कर मूल्यांकन किया जा सकता है। पाठ्यक्रम के अतिरिक्त स्वर, शैली एवं उच्चारण शुद्धता के आधार पर भी मूल्यांकन होगा।
4. प्रतियोगिता में श्रीगोरक्षनाथ मंदिर से प्रकाशित गोरखवाणी संस्करण ही मान्य होंगे।
5. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पारितोषिक स्वरूप गौरव-पत्र और नकद धनराशि प्रदान की जायेगी। **पुरस्कार राशि** निम्नवत है-

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

स्तर	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
कनिष्ठ वर्ग	₹ 900	₹ 800	₹ 700
वरिष्ठ वर्ग	₹ 1000	₹ 900	₹ 800

योगासन प्रतियोगिता

तिथि-5 दिसम्बर, दिन- शनिवार, समय-कनिष्ठ वर्ग प्रातः 8:00 बजे, वरिष्ठ वर्ग 10:00 बजे
स्थान - प्रताप आश्रम, गोलघर, गोरखपुर

संयोजक मंडल - श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रताप आश्रम, गोलघर, **श्री अवधेश कुमार शुक्ल,** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **श्रीमती पूनम राय, श्रीमती माधुरी मिश्रा,** महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज।

1. योगासन प्रतियोगिता दो स्तरों की होगी।
   (क) कनिष्ठ वर्ग-कक्षा 8 तक या 12 वर्ष की आयु तक के प्रतिभागियों के लिए।
   (ख) वरिष्ठ वर्ग-कक्षा 9 से स्नातकोत्तर या 13 वर्ष से 22 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागियों के लिए।
2. इस प्रतियोगिता में प्रत्येक स्तर पर एक विद्यालय से अधिकतम दो प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।
3. दोनों स्तरों के प्रतिभागियों को निर्णायकों द्वारा कहे गये आसनों को प्रदर्शित करना होगा। दोनों वर्गों में दिये गये आसनों में से कोई आठ योगासन करने को दिया जायेगा तथा दो मिनट में इन आसनों की उपयोगिता पर प्रकाश डालना भी आवश्यक है।

4. उम्र के लिए वरिष्ठ वर्ग में हाईस्कूल अंक पत्र अथवा प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा प्रमाणित जन्मतिथि प्रमाण पत्र तथा कनिष्ठ वर्ग में जन्म प्रमाण-पत्र तथा प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा प्रमाणित जन्मतिथि प्रमाण पत्र की छायाप्रति देनी होगी।
5. **(क) कनिष्ठ वर्ग के लिए निर्धारित आसन :-**

   पद्मासन, सर्वांगासन, धनुरासन, भुजंगासन, चक्रासन, कूर्मासन, गोमुखासन, गर्भासन, कर्णपिण्डासन, पश्चिमोत्तानासन, उष्ट्रासन, अर्द्धमत्स्येन्द्रासन, कुक्कुटासन, मत्स्यासन, वक्रासन, बद्धपद्मासन, मयूरासन, नौकासन, शलभासन एवं हंसासन।

   (ख) वरिष्ठ वर्ग के लिए निर्धारित आसन :-

   हलासन, पूर्णधानुरासन, पूर्णभुजंगासन, बद्धपद्मासन, पूर्ण मत्स्येन्द्रासन, गोरक्षासन, सिद्धासन, ओंकारासन, शीर्षासन, मयूरासन, वृश्चिकासन, शलभासन, चक्रासन, मत्स्यासन, शीर्षपद्मासन, मयूरपद्मासन, गर्भासन, गरुड़ासन, वृक्षासन एवं मण्डूकासन।
6. प्रतियोगिता से सम्बन्धित अन्य विशेष विवरण प्रतियोगिता स्थल पर बताया जायेगा।
7. प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक स्वरूप गौरव पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान की जायेगी।

नोट : एक ही वर्ग में लगातार दो बार एक ही पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत नहीं किया जायेगा।

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

कक्षा स्तर	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
कनिष्ठ वर्ग	₹ 900	₹ 800	₹ 700
वरिष्ठ वर्ग	₹ 1000	₹ 900	₹ 800

चित्रकला प्रतियोगिता

तिथि- 5 दिसम्बर, दिन-शनिवार, समय-पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक
स्थान - दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कला संकाय, गोरखपुर

संयोजक मंडल - डॉ. रविन्द्र कुमार, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **डॉ. अनीता सिंह, श्रीमती ममता श्रीवास्तव,** दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, **श्रीमती सरिता शर्मा, श्रीमती दीपमाला सिंह,** महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज, **श्री राजू रजक,** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज।

1. चित्रकला प्रतियोगिता निम्नलिखित तीनों स्तर की निम्न विषयों पर होगी।
   (क) प्रथम वर्ग-कक्षा 1 से 5 तक - उगता सूरज
   (ख) द्वितीय वर्ग-कक्षा 6 से 8 तक - गाय और बछड़ा
   (ग) तृतीय वर्ग-कक्षा 9 से 12 तक - राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज
2. एक विद्यालय से प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता में केवल तीन-तीन प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।
3. यह प्रतियोगिता 1:30 घण्टे की होगी।
4. पेन्सिल, लेखनी एवं समस्त चित्रकला सम्बन्धी सामग्री प्रतिभागी स्वयं लायेंगे। आयोजक संस्था की ओर से उन्हें मात्र चित्रावली के लिए ड्राइंग पेपर प्रदान किये जायेंगे।

5. प्रतियोगिता में प्रत्येक स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक स्वरूप गौरव-पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान की जायेगी। **पुरस्कार राशि निम्नवत है-**

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

स्तर	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
प्रथम वर्ग	₹ 800	₹ 700	₹ 600
द्वितीय वर्ग	₹ 900	₹ 800	₹ 700
तृतीय वर्ग	₹ 1000	₹ 900	₹ 800

अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

तिथि - 6 दिसम्बर, दिन - रविवार, समय - प्रातः 9:00 बजे
स्थान - महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज सभागार, गोरखपुर

संयोजक मंडल- श्री संजय कुमार सिंह, श्री श्रवण कुमार, महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज; **श्रीमती प्रियंका सिंह,** दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन।

1. प्रतियोगिता केवल एक स्तर की होगी जिसमें कक्षा 8 तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगिता में हिन्दी या संस्कृत दोनों में से किसी भी भाषा में बोलने की छूट होगी।
3. एक विद्यालय से न्यूनतम तीन एवं अधिकतम पाँच प्रतिभागियों की टोली प्रतियोगिता में भाग ले सकती है। कविता एवं चौपाई चार चरण की मान्य होगी। दोहा एवं भजन वर्जित होंगे।
4. एक बार प्रस्तुत की गयी कविता की पुनरावृत्ति वर्जित है।
5. ट, ठ, ड, ढ पर समाप्त होने वाली कविताओं को क्रमशः त, थ, द, ध से प्रारम्भ किया जा सकता है। 'क्ष' से समाप्त होने वाली कविता के स्थान पर छ, 'त्र' से समाप्त होने वाली कविता के स्थान 'त' अथवा 'र' तथा ज्ञ से समाप्त होने वाली कविता के स्थान पर ज अथवा य से प्रारम्भ होने वाली कविताएँ की जा सकती हैं। ए, ऐ के स्थान पर 'इ' तथा 'ओ' के स्थान पर उ से प्रारम्भ होने वाली कविता सुनाई जा सकेगी। ङ, ञ, ण से समाप्त होने वाली कविता के उत्तर में क्रमशः क, च, ट वर्ग के किसी भी अक्षर से प्रारम्भ होने वाली कविता कही जा सकेगी। स, श, ष में कोई भेद नहीं माना जायेगा।
6. प्रतियोगिता में चक्रों (राउन्ड) की संख्या 15 होगी। किसी टोली का कोई भी प्रतिभागी अधिकतम 5 बार सम्मिलित हो सकेगा।
7. टोलियों के मूल्यांकन में निम्नलिखित बातों पर ध्यान दिया जायेगा- भाषा, भाव, प्रस्तुतीकरण-शैली एवं स्वर पाठ।
8. प्रत्येक टोली को उत्तर देने के लिए 30 सेकेण्ड का समय दिया जायेगा।
9. प्रतियोगिता में विजेता तथा उपविजेता टोलियों को पारितोषिक स्वरूप गौरव-पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान की जायेगी। विजेता टोली को संस्थागत वैजयन्ती प्रदान की जायेगी। **पुरस्कार राशि निम्नवत है-**

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

विजेता - ₹ 900	उपविजेता - ₹ 800

सुलेख प्रतियोगिता

नियमावली :-

1. हिन्दी एवं अंग्रेजी में अलग-अलग सुलेख प्रतियोगिता दो स्तरों की होगी-
   (क) प्रथम वर्ग - कक्षा 1 से 5 तक (ख) द्वितीय वर्ग - कक्षा 6 से 8 तक
2. सुलेख प्रतियोगिता में एक विद्यालय से प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता में केवल 3-3 प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।
3. प्रतिभागियों को लेखन सामग्री स्वयं लानी होगी। उन्हें केवल सुलेख लिखने के लिए रूलदार कटा हुआ कागज प्रदान किया जायेगा।
4. प्रतिभागी को केवल प्रतियोगिता कक्ष में दिये गये गद्य/पद्य खण्ड को नियत अवधि में सुन्दर अक्षरों में पूरा लिखना होगा।
5. सुलेख प्रतियोगिता में प्रत्येक स्तर में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पारितोषिक स्वरूप गौरव-पत्र तथा नकद धनराशि प्रदान की जायेगी। **पुरस्कार राशि निम्नवत है-**

पुरस्कार/छात्रवृत्ति धनराशि

स्तर	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
प्रथम वर्ग	₹ 800	₹ 700	₹ 600
द्वितीय वर्ग	₹ 900	₹ 800	₹ 700

हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता

तिथि - 6 दिसम्बर, दिन - रविवार, समय - अपराह्न 2:00 से 3:00 बजे
स्थान - महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर

संयोजक मंडल - प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. विवेक शाही, डॉ. रविन्द्र नाथ, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **डॉ. शत्रुघ्न सिंह,** दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, **श्री गिरिजेश कुमार,** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज।

अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता

तिथि - 6 दिसम्बर, दिन - रविवार, समय - अपराह्न 3:30 से 4:30 बजे
स्थान - महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर

संयोजक मंडल - डॉ. पीयूष सिंह, श्रीमती निधी राय, डॉ. कुलदीप पाण्डेय, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **डॉ. सुनील केसरवानी,** दिग्विजयनाथ कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन, **श्री राजीव विश्वकर्मा,** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

तिथि - 6 दिसम्बर, दिन - रविवार, समय - दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक

स्थान - दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कला संकाय भवन, गोरखपुर

संयोजक मण्डल - श्री धर्मचन्द विश्वकर्मा, श्री जितेन्द्र पाण्डेय, डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, डॉ. इन्द्रेश कुमार, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **डॉ. पियूष सिंह, श्री दीपक साहनी, श्री प्रदीप कुमार यादव, श्री अनिल कुमार, डॉ. संजय सिंह (प्रथम), श्री दुर्गेश कुमार शुक्ला, श्री सतीन्दर तिवारी,** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज।

1. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पाँच स्तरों की होगी।
   (क) प्रथम वर्ग - कक्षा 1 से 5 तक
   (ख) द्वितीय वर्ग - कक्षा 6 से 8 तक
